जाह्नवी कपूर की गुंजन सक्सेना, द करगिल गर्ल का पोस्टर रिलीज

जाह्नवी कपूर की मचअवेटेड फिल्म गुंजन सक्सेना: द करगिल गर्ल का पहला पोस्टर सामने आया है. फिल्म के कुल तीन पोस्टर रिलीज किए गए हैं. जिनमें जाह्नवी कपूर और पंकज त्रिपाठी नजर आ रहे हैं. इन तीनों ही पोस्टर्स में जाह्नवी कपूर पर्दे पर गुंजन सक्सेना के किरदार को जीवंत करती नजर आ रही हैं.

फिल्म के पहले पोस्टर में जाह्नवी कपूर बेहद खूबसूरत लग रही हैं और इस दौरान वो हाथों में एक कागज का एयरप्लेन लिए नजर आ रही हैं. इस एयरप्लेन को हाथों में लिए गुंजन सक्सेना की आंखों की चमक को आप बिल्कुल भी मिस नहीं कर सकते. इस पोस्टर पर एक कैप्शन लिखा है, लड़कियां पायलेट नहीं बनती. इसी के साथ पोस्टर शेयर करते हुए लिखा गया उसे बताया गया था कि लड़कियां उड़ नहीं सकती. लेकिन वो खड़ी हुई और उसने उड़ने का फैसला लिया.

दूसरे पोस्टर में गुंजन बनीं जाह्नवी कपूर पायलट की आउटफिट में नजर आ रही हैं. इस तस्वीर में जाह्नवी के अलावा कई और पायलट नजर आ रहे हैं. तस्वीर को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि सीन उस समय का है जब गुंजन करगिल युद्ध में दुश्मनों को धूल चटाकर वापस वतन लौटे हैं. इस पोस्टर पर कैप्शन में लिखा गया है, भारत की पहली एयरफोर्स महिला ऑफिसर जिसने युद्ध में हिस्सा लिया.

फिल्म का तीसरा पोस्टर बेहद खास है. इसमें आपको पिता और बेटी का बेहद खूबसूरत रिश्ता नजर आ रहा है. इसमें आपको जाह्नवी कपूर के साथ पंकज त्रिपाठी नजर आ रहे हैं. गुंजन के पिता बने पंकज इसमें जाह्नवी को गले लगाते नजर आ रहे हैं. इस पोस्टर पर कैप्शन में लिखा है, मेरी बेटी की उड़ान कोई नहीं रोक सकता.

आपको बता दें कि गुंजन सक्सेना-द कारगिल गर्ल एक बायोपिक है जो लड़ाकू विमान उड़ाने वाली देश की पहली महिला पायलट गुंजन सक्सेना की जिंदगी पर आधारित है. गुंजन 1999 में कारगिल युद्ध के दौरान युद्ध क्षेत्र में भी मौजूद थीं. फिल्म में जाह्नवी, गुंजन सक्सेना के किरदार को निभाते नजर आएंगी. इस बायोपिक का निर्देशन शरण शर्मा कर रहे हैं. फिल्म अगले साल होली के पास 13 मार्च को रिलीज की जाएगी.

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

सत्ते पे सत्ता के रीमेक के लिए अनुष्का शर्मा से हो रही है बात?

पिछले कुछ दिनों से मेगास्टार अमिताभ बच्चन की सुपरहिट फिल्म सत्ते पे सत्ता का रीमेक बनाए जाने की चर्चा चल रही है। दरअसल फराह खान और रोहित शेट्टी ने यह घोषणा की थी कि वे एक साथ मिलकर एक बहुत बड़ी फिल्म बनाने जा रहे हैं। तभी से माना जा रहा है कि वे इस सुपरहिट फिल्म का रीमेक बनाने जा रहे हैं। हालांकि अभी तक इस फिल्म की कास्ट को फाइनल नहीं किया गया है।

इस फिल्म में लीड रोल के लिए कई ऐक्टर्स से बातचीत चल रही है। हालिया रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म में लीड रोल के लिए अनुष्का शर्मा से संपर्क किया गया है। हालांकि अभी तक उन्होंने फिल्म के लिए अपनी सहमति नहीं दी है और मेकर्स और अनुष्का के बीच इस मुद्दे पर डिस्कशन चल रहा है। इससे पहले खबर आई थी कि फिल्म के लिए कटरीना कैफ और दीपिका पादुकोण के नामों पर भी विचार किया जा रहा है।

बता दें कि अमिताभ बच्चन वाले लीड रोल के लिए शाहरुख खान, अक्षय कुमार और रितिक रोशन के नामों की चर्चा चल रही है। हालांकि अभी तक किसी नाम को फाइनल नहीं किया गया है लेकिन पिछले एक इंटरव्यू में रितिक रोशन ने कहा था कि वह अमिताभ के बहुत बड़े फैन हैं और अगर उन्हें यह रोल मिलता है तो वह इसे खुशी-खुशी करना चाहेंगे। इस बीच बता दें कि अनुष्का शर्मा पिछली बार आनंद एल राय की फिल्म जीरो में दिखाई दी थीं जिसमें कटरीना कैफ और शाहरुख खान मुख्य किरदारों में थे। इस समय अनुष्का अपने पति विराट कोहली के साथ क्वॉलिटी टाइम बिता रही हैं।

गंदी बात 2 से मशहूर हुई अन्वेशी जैन ने इंस्टाग्राम पर शेयर की बोल्ड तस्वीरें

ऑल्ट बालाजी के वेब सीरीज गंदी बात 2 की रिलीज के बाद अभिनेत्री अन्वेशी जैन को बिल्कुल अंदाजा नहीं था कि उनके करियर में इतना बड़ा मोड़ आएगा. दरअसल, इस वेब सीरिज में अन्वेशी बेहद बोल्ड अवतार में नजर आईं. उनकी बोल्डनेस का आलम ये था कि गूगल पर इस साल जनवरी में वे सबसे ज्यादा सर्च की जाने वाली हस्ती थीं. डेटा एनालिटिक्स एजेंसी के आंकड़ों की मानें तो अन्वेशी जनवरी महीने में सबसे ज्यादा गूगल की जानी वाली शख्सियत बन गई हैं. अन्वेशी ने जनवरी माह में डेस्कटॉप पर २० मिलियन सर्च इंप्रेशन को हासिल किया, जबकि मोबाइल फोन पर उन्हें १० मिलियन बार खोजा गया था. अन्वेशी एक्टिंग के अलावा सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं और आए दिनों अपने चाहनेवालों के बीच खूबसूरत तस्वीरें शेयर करती रहती हैं. अन्वेशी की सीरीज गंदी बाद में नजर आने की वजह से उनकी न सिर्फ चर्चा हो रही है बल्कि अन्वेशी इस सीरीज से रातोंरात स्टार बन गई हैं. हैरानी की बात ये है वेब सीरीज की रिलीज के दो महीने के भीतर ही अन्वेशी के इंस्टाग्राम पर फैनफॉलोइंग बहुत बढ़ गई है. अभिनेत्री के इंस्टाग्राम पर अब 9 लाख 96 हजार फॉलोअर्स हो गए हैं. आपको बता दें, अन्वेशी ने अपने इंस्टाग्राम पर अपनी कई बोल्ड तस्वीरें पोस्ट की हैं. अन्वेशी अपनी फिटनेस का भी बहुत ध्यान रखती हैं. वे अक्सर एक्सरसाइज करते हुए फोटोज शेयर करती हैं. इंस्टा पर अन्वेशी अब तक 121० पोस्ट शेयर कर चुकी हैं जिनमें उनकी बोल्ड फोटोज की भरमार है. बेशक इस कामयाबी से अन्वेशी सातवें आसमान पर हैं लेकिन इसके अलावा भी अब उनके हाथ में कई प्रोजेक्ट हैं.